**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 03.08.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया– कहा– सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक – कई महत्वपूर्ण निर्णय किए जाने की संभावना।**
- **भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज पदभार ग्रहण किया।**
- **प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज भी अच्छी बारिश– अगले 24 घंटे में पश्चिमी जिलों में मध्यम से तेज बारिश के आसार।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है।

....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2024–25 के केन्द्रीय बजट में सतत कृषि पर ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की कृषि विकास दर विश्व में लगातार सबसे अधिक बनी हुई है। सम्मेलन में करीब 75 देशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। **इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है– सतत कृषि–खाद्य व्यवस्था में बदलाव।**

000

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन में भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की क्षमता है। ग्रेटर नोएडा में सातवीं अंतर्राष्ट्रीय आतिथ्य प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि सरकार पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतिथ्य प्रदर्शनी ने पिछले छह वर्षों में भारत के आतिथ्य उद्योग को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री शेखावत ने कहा कि देश में कृषि और पर्यटन दो प्रमुख क्षेत्र हैं जो लोगों की इच्छानुसार हर चीज की पूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय किए जाने के आसार हैं। बैठक के बाद राज्य मंत्री परिषद की भी बैठक जारी है। बैठक समाप्त होने के बाद राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा कैबिनेट में हुए निर्णय के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आगामी उपचुनाव को देखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय किए जाने के आसार हैं। इनमें संविदा कर्मियों से जुड़े मुद्दे, तबादलों में छूट, आपदा प्रबंधन, हरियालो राजस्थान अभियान जैसे मुद्दे शामिल है।

000

आज 14वां भारतीय अंग दान दिवस है। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने आज नई दिल्ली में अंग दान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने उन परिवारों को सम्मानित किया, जिन्होंने ब्रेन डेड घोषित होने के बाद अपने परिवार के सदस्यों के अंग दान कर दिये। नीति आयोग के सदस्य

डॉक्टर वी के पॉल ने अंग दान के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने देशभर के मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों से अंग प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की।

प्रदेश में भी इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कई स्थानों पर लोगों को अंगदान की शपथ भी दिलायी गयी। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राजस्थान को अंगदान के बारे में सर्वश्रेष्ठ प्रचार प्रसार करने के लिए सम्मानित किया गया। आकाशवाणी से बातचीत करते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अति रिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में दुर्घटनाओं में हर साल 10 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे लोगों के अंग दूसरे लोगों को जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंगदान को बढावा देने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

..................

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर के बाहर हुए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री राठौड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। इससे पहले, जयपुर हवाई अड्डे से प्रदेश कार्यलय तक नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जगह जगह स्वागत किया गया।

000

प्रदेश में अमृत पर्यावरण महोत्सव **एक पेड़ देश के नाम** अभियान के तहत आगामी 7 अगस्त को व्यापक वृक्षारोपण किया जायेगा। शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज आकाशवाणी को दिये विशेष साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये अभियान शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और राज्य के अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित होगा। श्री दिलावर ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगायें।

..................

शिक्षा मंत्री का ये विशेष साक्षात्कार कल आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से सुबह सवा नौ बजे प्रसारित किया जायेगा। इस अभियान को लेकर प्रदेशभर में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान **''हरियालो–राजस्थान''** के तहत 1 से 8 अगस्त तक चलाये जा रहे सघन पौधारोपण सप्ताह के तहत आज नगर परिषद जालोर द्वारा भगत सिंह स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी प्रकार नगर परिषद द्वारा शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम परिसर जालोर में पौधारोपण किया गया।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। जैसलमेर के ग्रामीण क्षेत्रों में आज जमकर मेघ बरसे। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई जगह जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हुई है।

..................

हनुमानगढ जिले में लगातार तीसरे दिन भी बारिश का दौर जारी है। एक तरफ जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी ओर जलभराव के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जयपुर में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इस बीच सिरोही जिले के माउंट आबू में इन दिनों मौसम सुहाना बना हुआ है। बारिश के बाद जगह–जगह कल बहते झरने और धुंधभरी वादियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं।

..................

मौसम विभाग ने कहा है कि आज दक्षिण–पश्चिमी राजस्थान के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालौर और आसपास के जिलों में मध्यम से तेज बारिश होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि झारखंड के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र आज तीव्र होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। इसके आगामी 48 घंटों में एम. पी. से होते हुए पूर्वी राजस्थान की ओर आगे बढ़ने की संभावना है। इसके असर से आज कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। कल और परसों इस तंत्र का राज्य में सर्वाधिक प्रभाव रहेगा। कल कोटा संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश के आसार हैं।

000

जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 18 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी अब बढ़ी हुई तिथि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

000

जयपुर ग्रामीण जिले में जयपुर कमिश्नरेट की ओर से बेटियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। पांच दिन के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मपुरी कंवर नगर की छात्राओं और अध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं और लड़कियों को थाने में स्थित महिला डेस्क से अवगत कराया गया।

000